KAREN HARDY का बयान, **Santa Clara नगर परिषद सीट २** से **सदस्य** की प्रत्याशी

पेशा: प्रौद्योगिकी विज्ञान की अध्यापिका

शिक्षा व योग्यताएं:

बी.एस. केमिकल इंजीनियरिंग एम.ऐ .टीचिंग

Santa Clara शहर अपने विकास के क्षेत्र में एक बड़े ही महत्वपूर्ण स्थिति में है | आने वाले चार सालों में शहर परिषद जिस स्थिति से गुज़रेगी, वह ये तय करेगी कि यहाँ के शहरियों की सेवा किस तरह की गई है |

मैं ३० साल से Santa Clara शहर की निवासी हूँ | मेरे पति और मैं जो ३२ साल से विवाहित हैं; ने अपने परिवार को इसी शहर में बसाया है | इस समय के दौरान, मैंने कई जगह काम किया है, जिसमे शामिल है ८ वर्ष का अनुभव योजना आयोग में, ५ वर्ष ऐतिहासिक और लैंडमार्क्स आयोग में, और ३ साल का अनुभव वास्तु समीक्षा समिति में | मैं समाज के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हूँ | मैंने कई भूमिकाएं अदा कीं हैं | मैं एक स्काउट लीडर रह चुकी हूँ, विलकॉक्स हाई स्कूल में कंप्यूटर विज्ञान और गणित पढ़ा चुकी हूँ, सोरोप्टिमिस्ट (स्थानीय महिलाओं की सेवा संघ) की सदस्य रह चुकी हूँ, उच्च विद्यालय सेवा क्लब की सलाहकार रह चुकी हूँ, और आपात्कालीन सेवाओं (के आई ६ ऍफ़ जी एस) में हैम रेडियो ऑपरेटर के पद पर काम कर चुकी हूँ |

हमें अपने शहर में सुनियोजित विकास की ज़रुरत है जो मौजूदा पड़ोस के साथ सामंजस्यपूर्ण हो | हमें सावधानी से अपनाए जाने वाली योजनाएं और राजकोषीय जिम्मेदारी का अधिकार है | नागरिकों के साथ सम्मान और समानता का व्यवहार होना चाहिए| मैं ऐसा ही करने का प्रण लेती हूँ |

यदि आप सोचते हैं कि सेवा की गुणवत्ता और बेहतर होनी चाहिए
सीट २ केलिए Karen Hardy को मतदान दें
कृपया देखें www.hardy4council.com